दिन– सोमवार | दिनांक– 25 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री के तीस दिन तक जेल में रहने की स्थिति में स्वतः पद से हटाने से संबंधित एक सौ तीसवां संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की।

02. चुनाव आयोग ने कहा– प्रारूप प्रकाशन के बाद अब तक एक लाख चालीस हजार से अधिक दावा आपत्ति प्राप्त हुए। चौदह हजार तीन सौ चौहत्तर मामलों का किया गया निपटारा।

03. बिहार के तीन शिक्षकों को इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच सितम्बर को दिल्ली में करेंगी सम्मानित।

04. और, नालंदा, गयाजी और जहानाबाद के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति में सुधार नहीं। समय पर राहत नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने जहानाबाद में किया प्रदर्शन।

---

गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान, 130वें संशोधन विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की है। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में, श्री शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता जेल में रहते हुए भी सरकार बनाने और चलाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इस विधेयक के तहत प्रधानमंत्री पद को लाने पर ज़ोर दिया था।

———बाइट———

आज भी भारत के जन प्रतिनिधित्व कानून जो है उसके अंदर प्रावधान है, किसी भी चुने हुए प्रतिनिधि को दो साल या इससे अधिक समय के लिए सजा होता है तो वो अपने स्थान से मुक्त हो जाएंगे, सांसद के रूप में। अब उस पर हाईकोर्ट की अपील बाकी है इस पर सुप्रीम कोर्ट की अपील बाकी है। मगर एक मॉरल ग्राउंड तय करने के लिए कानून आजादी मिली तब से बना है।

श्री शाह ने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर विपक्ष के सवालों पर कहा कि विपक्ष को इस मुद्दे को ज़्यादा नहीं बढ़ाना चाहिए।

———बाइट———

इसमें बात का बतंगड़ नहीं बनाना चाहिए, धनखड़ जी संवैधानिक पद पर बैठे अपने कार्यकाल में उन्होंने संविधान के हिसाब से अच्छा काम किया। इनकी निजी स्वास्थ्य की समस्या के कारण उन्होंने इस्तीफा दिया। इसको ज्यादा खींचकर कुछ ढूंढने का प्रयास नहीं करना चाहिए।।

---

चुनाव आयोग ने कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक केवल सीपीआईएमएल की ओर से दस दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गयी है। हालांकि प्रमुख दल कांग्रेस और राजद की ओर से दावा–आपत्ति का कोई आवेदन नहीं दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक **एक लाख चालीस हजार इकतीस** निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से चौदह **हजार तीन सौ चौहत्तर** मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही अठारह वर्ष और अधिक उम्र के **तीन लाख उन्यासी हजार** से अधिक नये मतदाताओं ने सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया है। दावा–आपत्ति की अंतिम तिथि एक सितम्बर है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा।

---

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और छपरा से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि राज्य ने पिछली चुनौतियों से निकल कर विकास की रफ्तार पकड़ ली है। हाजीपुर में एनडीए की प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री रूडी ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जैसे विपक्षी नेता वोटर अधिकार यात्रा के दौरान झूठ बोल रहे हैं।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने महागठबंधन नेताओं पर स्वार्थी होने का आरोप लगाया है। श्री कुशवाहा ने पटना में संवाददाताओं बातचीत करते हुए कहा कि महागठबंधन के दलों में असमंजस की स्थिति है। उन्होंने कहा कि ऐसा गठबंधन जनता के हित का ख्याल नहीं रख सकता।

———बाइट———

---

भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि एसआईआर के मुद्दे पर चुनाव आयोग सर्वोच्च न्यायालय को भी गुमराह कर रहा है। पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री भट्टाचार्य ने कहा कि आयोग राजनीतिक दलों पर दावा आपत्ति दर्ज कराने को लेकर निष्क्रियता का आरोप लगा रहा हैं जो सही नहीं है।

---

भाजपा ने महागठबंधन के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी की आलोचना की है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि दो हजार अठारह में सुप्रीम कोर्ट के जज रहते हुए कथित रूप से श्री रेड्डी के सलवा जुडूम पर दिए गए फैसले से देश में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई कमजोर हुई थी।

———बाइट———

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि विपक्ष के पास विकास का मुद्दा नहीं है। इसलिए विपक्षी नेता लोगों को गुमराह करने के मुहिम में जुटे हुए है। श्री जायसवाल ने समस्तीपुर जिले के उजियारपुर में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की जनता एनडीए सरकार के काम–काज से खुश है और विपक्ष को कोई मौका नहीं देने वाली है।

———बाइट———

सम्मेलन को जदूय सांसद कौशलेन्द्र कुमार, भाजपा विधायक तरूण कुमार समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।

---

राज्य के तीन शिक्षकों को इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इनमें किशनगंज के सुहागी प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका कुमारी निधि, सुपौल के ललित नारायण लक्ष्मी नारायण प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल के शिक्षक दिलीप कुमार और सैनिक स्कूल नालंदा के डॉक्टर प्रमोद कुमार शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में इन शिक्षकों को सम्मानित करेंगी।

---

राज्य के दक्षिणी भागों से होकर एक ट्रफ रेखा गुजरने के कारण अधिकतर भागों में मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया के खिजिरसराय में सबसे अधिक उनहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज रोहतास, गया और औरंगाबाद जिले में कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है।

———बाइट———

---

पड़ोसी राज्य झारखंड में अति भारी बारिश के कारण नालंदा, जहानाबाद और गया जी जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी घूस जाने से जनजीवन बूरी तरह प्रभावित हुआ है। नालंदा का हिलसा प्रखंड और गयाजी का बोधगया बाढ़ से अत्यधिक में बाढ क़ा प्रभावित है। प्रशासन द्वारा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है।

---

इधर, जहानाबाद जिले के कई क्षेत्रों में बाढ़ से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। समय पर राहत नहीं मिलने से लोगो में आक्रोश भी है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

जहानाबाद के कई पंचायत अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। आलमपुर, चौनपुरा, अमैन और पंडुई समेत कई पंचायतों के घरों और रास्तों में पानी भर जाने से दैनिक जीवन मुश्किल हो गया है। खेतों में खड़ी फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इधर, समय पर राहत नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। आलमपुर गांव के बाढ़ से प्रभावित किसानों ने जहानाबाद–शकूराबाद मुख्य मार्ग पर पेड़ रखकर जमकर प्रदर्शन किया। जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन घंटों बाधित रहा। प्रशासन ने लोगों को जल्द समस्या के निदान का आश्वासन दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

---

गया जिले से होकर गुजरने वाली नदियों में भारी उफान से कई क्षेत्रों में बाढ़ का संकट उत्पन्न हो गया है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

बोधगया प्रखण्ड के बसारी पंचायत में मुहाने नदी उफान पर है। इसके कारण  बतसपुर, छाछ, घोंघरिया, मोराटाल गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। प्रभावित लोगों ने स्कूलों में शरण ले रखी है। जिलाधिकारी शशांक शुभांकर ने बाढ़ प्रभावित इलाको का निरीक्षण किया और लोगों तक तुरंत राहत पहुंचाए जाने के निर्देश दिए। इधर, अभियंताओं की टीम क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य में जुटी है। घोघटिया मांझी टोला में बाढ़ में फंसे कई लोगों को एसडीआरएफ के जवानों ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। राहत कैंपों में ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई है। हालांकि कुछ इलाकों में बाढ़ का पानी अब निकलने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

---

निगरानी विभाग की टीम ने आज बेतिया में जिला मत्स्य पदाधिकारी पीयूष रंजन को एक लाख रूपये की रिश्वत लेते हूए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। प्रधानमंत्री मत्स्य योजना में दस लाख की सब्सिडी जारी करने के बदले एक लाभार्थी से रिश्वत की मांग की थी।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि राज्य के सभी प्रखंडों में छह हजार आठ सौ से अधिक खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। श्री कुमार ने अररिया जिले के रानीगंज में महात्मा गांधी खेल मैदान का उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चार हजार खेल मैदान बन चुके है। उन्होंने कहा कि राज्य की ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संरचना को बड़े पैमाने पर विकास किया जा रहा है। उन्होंने खेल प्रेमियों से उनतीस अगस्त से

शुरू हो रहे हॉकी एशिया कप के मुकाबले देखने के लिए राजगीर खेल परिसर पहुंचने की अपील भी की।

---

इधर, राजगीर में उनतीस अगस्त से शुरू हो रही एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप की तैयारी पूरी कर ली गई है। बिहार में पहली बार एशिया कप पुरूष हॉकी का आयोजन से प्रदेश का गौरव बढ़ा है। राजगीर मे अभ्यास सत्र में भाग ले रही भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि टीम की तैयारी पूरी है और लक्ष्य शानदार प्रदर्शन करना है।

---बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में तीन सौ अट्ठाईस करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली बिजली विभाग की महत्त्वपूर्ण योजना का शिलान्यास किया। इसके तहत शहरी क्षेत्र मे बिजली तारों को भूमिगत किया जायेगा।

---

मंडल अयोग के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बी.पी. मंडल की जयंती के अवसर पर मधेपुरा स्थित उनके पैतृक गांव मुरहो में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

मुंगेर जिले के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या अस्सी पर फरदा गांव के पास उत्पाद विभाग की टीम ने एक वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

01. गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री के तीस दिन तक जेल में रहने की स्थिति में स्वतः पद से हटाने से संबंधित एक सौ तीसवां संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की।

02. चुनाव आयोग ने कहा– प्रारूप प्रकाशन के बाद अब तक एक लाख चालीस हजार से अधिक दावा आपत्ति प्राप्त हुए। चौदह हजार तीन सौ चौहत्तर मामलों का किया गया निपटारा।

03. बिहार के तीन शिक्षकों को इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच सितम्बर को दिल्ली में करेंगी सम्मानित।

04. और, नालंदा, गयाजी और जहानाबाद के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति में सुधार नहीं। समय पर राहत नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने जहानाबाद में किया प्रदर्शन।

समाप्त